Bharat Temples

मैं तो घुंघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे,
सांवरिया तेरे आगे,
बनवारी तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

सब लोक लाज बिसराऊँ,
मैं तेरे ही गुण गाउँ,
ऐसी प्रेम मगन हो नाचूं,
सांवरिया तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

मैं तन मन तुझपे वारूँ,
अरे अपना जनम सुधारूं,
मैं तेरे रंग में नाचूँ,
सांवरिया तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

मैं तो तेरे दर्शन पाऊँ,
मोह माया दूर भगाऊं,
मैं इस मन को ऐसा रचाऊं,

सांवरिया तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

नहीं कोई और है मेरा,
मुझे एक सहारा तेरा,
तेरे नाम की पतिया बाचूँ,
सांवरिया तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

मैं तो घुंघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे,
सांवरिया तेरे आगे,
बनवारी तेरे आगे,
मैं तो घुँघरू बाँध के नाचू,
सांवरिया तेरे आगे।।

गायक मुकेश कुमार जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/main-to-ghungru-bandh-ke-nachu-sawariya-tere-aage/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw